आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
एस. ए. 1 (2015 – 16)

तिथिः **28.9.15** कक्षा ः आठवीं

**हिंदी Set A**

समयः **3** घंटा कुल अंक–**90**

आवश्यक निर्देश—

1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **4** पृष्ठ और **30** प्रश्न हैं।
2. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।
3. लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें।
4. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## खंड क– पठन

**1•** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें ः

वाणी प्राणी की पहचान है।जिस प्रकार कौए और कोयल की पहचान उसकी वाणी से हो जाती है,उसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार–व्यवहार तथा स्वभाव की परख उसकी वाणी द्वारा हो जाती है।मीठी वाणी दूसरों को वश में करने की औषधि है।जब हम वाणी का श्रवण करते हैं,तब हमारा चित्त प्रसन्न हो जाता है।सज्जन सर्वदा मधुर वाणी का ही प्रयोग करते हैं,जबकि दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है।मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है,निराश व्यक्तियों में आशा, उत्साह का संचार कर सकती है।कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है।इससे अपने भी पराए बन जाते हैं।इतना ही नहीं,कटु वाणी लड़ाई–झगड़ों,यहाँ तक कि बड़े युद्ध का कारण भी बन जाती है।द्रोपदी के कटु वचन महाभारत का कारण बनें ,ऐसा कहा जाता है।जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया,उसने मानो सब कुछ पा लिया।मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है।

क) किसी भी व्यक्ति की पहचान किससे होती है? **1**
ख) दुर्जनों की वाणी की क्या विशेषता होती है? **1**
ग) हमारी वाणी किस प्रकार की होनी चाहिए और क्यों ? **2**
घ)हमारा चित्त कब प्रसन्न हो जाता है ? **1**
ङ) लेखक क्या संदेश देना चाहता है? **2**
च)कटु वाणी किसका कारण बनती है? **2**
छ)दो उपसर्ग युक्त शब्दों का चयन करें। **2**
ज)गद्यांश के लिए एक शीर्षक दें। **1**

**2•** दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें ः

ओ हिंसा के सौदागर ,अपनी दुकान उठा लो,
शांति–पर्व है,भागो–भागो घृणा बेचने वालों।
आने दो सुख–समता का,खुशियों का नया ज़माना
पहन रही है धरती फिर से,नई ज्योति का बाना।
सबकी आँखों में जगमग,हो रहा प्रेम का सपना,

सबके सुख में हम सुख पाते,सबका मातम अपना।
अड़ें सत्य पर,सदा न्याय पर,अर्पित प्राण हमारे,
यहाँ न जीते पापी अब तक,धर्मी कभी न हारे।
हम मिट जाते,रहता अपराजित विश्वास हमारा,
जैसे कभी न डिगता नभ का ज्योतिर्मय ध्रुव तारा।
क्या सुन पड़ती नहीं तुम्हें,मानवता की जयगाथा,
है खूनी इतिहास झुकाता,जिसके आगे माथा।
क्या सुन पड़ती नहीं तुम्हें नव संकल्पों की वाणी,
नहीं चलेगी आज तुम्हारी,प्रतिहिंसा मनमानी।

क)कवि ने किसे ध्रुव तारे के समान बताया है? **1**

ख)कवि घृणा बेचने वालों से क्या कहते हैं? **1**

ग)सबका मातम अपना से क्या अभिप्राय है? **1**

घ)कवि ने किन पर अड़ने का आह्वान किया है? **1**

ड़)कवि प्रस्तुत कविता के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं? **2**

च)सबकी आँखों में किस तरह के भाव नज़र आ रहे हैं? **1**

छ)काव्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दें। **1**

## <u>खंड–ख भाषा</u>

**3.** लिपि किसे कहा जाता है? **1**

**4.** दिए गए शब्दों में संधि कीजिए–

**1.**राम+ईश्वर **1**

**2.**मनः हर **1**

**5.** मानक भाषा से आप क्या समझते हैं उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। **2**

**6.** वर्तनी अशुद्धि को दूर करके शब्दों को शुद्ध करें –

**1.**त्यौहार **1**

**2.**सम्बनधित **1**

**7.** सही शब्द का चुनाव करके वाक्य पूर्ण करें –

**1.**परीक्षा का ......छात्रों को नहीं होना चाहिए। (भय,आशंका,भ्रम) **1**

**2.**सभी का कल्याण हो,हम यही...........करते हैं। (अभिलाषा,कामना,इच्छा) **1**

**8.** उचित पर्यायवाची शब्द के द्वारा वाक्य पूर्ण करें –

**1.**फूलों की सुगंध सभी को............ कर देती है। (हर्ष) **1**

**2.**स्वतंत्रता के उपरांत भारत ने बहुत...............की। (उत्कर्ष) **1**

**9.** रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों के द्वारा वाक्य पूर्ण करें –

**1.**हमारी कक्षा में बीस विद्यार्थी <u>उतीर्ण</u> हुए और पाँच............। **1**

**2.**आज देश के <u>रक्षक</u> ही ...............बन गए हैं। **1**

**10.** समास–विग्रह करके समास का नाम भी बताएँ–

**1.**नीलकंठ **1**

**2.**राहखर्च **1**

## खंड ग–साहित्य

**11•** **दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः**

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सन् **1953** में सही ही कहा था कि हज़ारों सालों तक संचार का साधन केवल हरकारे या फिर तेज़ घोड़े रहे हैं। उसके बाद पहिए आए। पर रेलवे और तार से भारी बदलाव आया। तार ने रेलों से भी तेज़ गति से संवाद पहुँचाने का सिलसिला शुरू किया। अब टेलीफोन वायरलैस और आगे रेडार दुनिया बदल रहा है।

क) प्राचीन समय में संदेशों का आदान–प्रदान किनके द्वारा किया जाता था? **1**

ख)पहिए के आविष्कार ने पत्रों की दुनिया को कैसे प्रभावित किया? **1**

ग)संदेश पहुँचाने का काम कौन शीघ्र करने लगे? **1**

घ)संचार के आधुनिक साधन कौन कौन से हैं? **1**

**12•** वे कौन–से कारण थे जिनकी वजह से लेखक का बस पर से भरोसा उठ चुका था? **2**

**13•** मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं–इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है? **2**

**14•** बिलवासी मिश्र के चरित्र से आपको क्या सीख मिलती है? **2**

**15•** कामचोर कहानी आज के युवाओं के लिए क्या संदेश छोड़ जाती है? **2**

**16•** पत्र आज भी अपनी अहमियत किस तरह बनाए हुए हैं? **2**

**17•** **दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः**

हम तो केवल यह आँकते हैं
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और वह सौरभ हवा में तैरते हुए
पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।
और एक देश का भाप
दूसरे देश में पानी बनकर गिरता है।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए। **1**

ख)काव्यांश में धरती क्या काम करती हुई चित्रित की गई है? **1**

ग)पृथ्वी द्वारा किए गए इस कार्य का प्रचार –प्रसार कैसे होता है? **1**

घ)काव्यांश में मनुष्य के लिए क्या संदेश निहित है? **1**

**18•** ध्वनि कविता के कवि अपने जीवन रूपी उपवन को महकाने के लिए क्या–क्या करना चाहते हैं? **2**

**19•** कवि पुष्पों को अनंत का द्वार क्यों दिखाना चाहते हैं? **1**

**20•** भगवान के डाकिए कविता का मूल भाव स्पष्ट करें। **2**

**21•** दीवानों के दिल पर असफलता की निशानी क्यों शेष रह गई? **1**

**22•** दीवानों की हस्ती कविता में दीवाने कौन थे? **1**

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **5**

**23•** सिद्धार्थ के पैदा होने पर महर्षि असित ने क्या भविष्यवाणी की थी?

**24•** बिंबिसार ने सिद्धार्थ के समक्ष क्या प्रस्ताव रखा?

**25.** सिद्धार्थ से अलग होने पर छंदक और कंथक की दशा का वर्णन करें ।

## खंड घ–लेखन

**26.** दिए गए संकेत- बिंदुओं की सहायता से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें –
भोर का सौंदर्य—भोर का समय सबसे निराला,भोर के विविध दृश्य,प्रकृति के रूप। **5**

अथवा

इंटरनेट–जनसंचार का लोकप्रिय माध्यम,विशेषताएँ,इंटरनेट के विभिन्न उपयोग,दुरूपयोग।

**27.** नौकर और मालिक के बीच वेतन वृद्धि के लिए हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखें। **5**

**28.** विद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजयी घोषित होने का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**29.** किसी बाईक कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। **5**

**30.** दिए  गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर अपने विचार व्यक्त करें– **5**

**5**

